FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

इस प्रश्न-पत्र में **16 प्रश्न तथा 11 मुद्रित पृष्ठ** हैं ।

**अनुक्रमांक** | | | | | | | | | | | | | **कोड नं. 49/HIS/1**

**Set A**

# HINDI
# ( हिन्दी )
# (201)

**परीक्षा का दिन व दिनांक** ________________

**निरीक्षकों के हस्ताक्षर** 1. ________________

2. ________________

---

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्नपत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्नपत्र को जाँच लें कि प्रश्नपत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा।
5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्नपत्र की कोड संख्या **49/HIS/1-A** लिखें।



FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

# HINDI

# ( हिन्दी )

# (201)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** 1. **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

2. प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

---

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1x5=5

(i) कबीरदास के अनुसार ऊँचे कुल में जन्म लेने पर भी व्यक्ति निंदा का पात्र होता है, क्योंकि वह :

(A) अच्छे कर्म नहीं करता (B) मदिरापान करता है

(C) साधुओं की संगति करता है (D) धन को इकट्ठा नहीं करता

(ii) भाग्य के भरोसे रहने वाले को क्या कहा गया है?

(A) भाग्यवान (B) भाग्यवादी

(C) भाग्यहीन (D) भाग्यशाली

(iii) 'आज़ादी' कविता में अंधकार से प्रकाश की ओर उन्मुख होने का आशय है :

(A) बंधन से छुटकारा पाना। (B) अज्ञान से ज्ञान की ओर जाना।

(C) अँधेरे में दीपक जलाना। (D) सूर्योदय की दिशा में जाना।

(iv) 'चंद्र गहना से लौटती बेर' कविता में 'हृदय का दान' से क्या अभिप्राय है?

(A) हृदय का इलाज करना। (B) प्यार करना।

(C) भला चाहना। (D) इज़्ज़त देना।



FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

(v) 'इसे जगाओ' कविता में 'भई!' संबोधन से कौन सा भाव प्रकट होता है?

(A) आदर का (B) श्रद्धा का

(C) अपनेपन का (D) क्रोध का

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 15-20 शब्दों में लिखिए : 1x6=6

(i) 'घर में बाढ़ो दाम' से कबीर का क्या आशय है?

(ii) 'आह्वान' कविता में कवि ने कर्म को श्रेष्ठ क्यों माना है?

(iii) 'आज़ादी' कविता के आधार पर लिखिए कि केवल अधिकारों को भोगना ही आज़ादी कैसे नहीं है?

(iv) 'चंद्र गहना से लौटती बेर' कविता में बगुला और पत्थर किसके प्रतीक हैं?

(v) 'इसे जगाओ' कविता में कवि ने क्या संदेश दिया है?

(vi) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता से मानवीकरण का एक उदाहरण स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित काव्यांश किस पाठ से लिया गया है? इसके कवि के नाम का उल्लेख करते हुए काव्यांश का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए : 5

निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटी छवाय।

बिन पानी साबुन बिना, निर्मल करत सुभाय।।

**अथवा**

जो लोग पीछे थे, तुम्हारे बढ़ गए हैं बढ़ रहे,

पीछे पड़े तुम, दैव के सिर दोष अपना मढ़ रहे।

पर कर्म-तैल बिना कभी विधि-दीप जल सकता नहीं,

है दैव क्या? साँचे बिना कुछ आप ढल सकता नहीं।।



FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

4. निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-25 शब्दों में लिखिए : 2x3=6

(क) कबीर ने गुरु-शिष्य के संबंध का आदर्श रूप किसे बताया है और क्यों?

(ख) 'अब दादुर वक्ता भये' में रहीम ने दादुर और कोयल से किनकी ओर संकेत किया है? दोनों के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?

(ग) 'इसे जगाओ' कविता में कवि ने किस-किस से सोए हुए व्यक्ति को जगाने का आग्रह किया है और क्यों?

(घ) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता हमें क्या सिखाती है और कैसे?

5. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 50 शब्दों में दीजिए : 3

''बीती विभावरी जाग री'' कविता में प्रकृति-चित्रण के माध्यम से राष्ट्रीय संदर्भ में क्या संकेत दिया गया है? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'उनको प्रणाम' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1x6=6

(i) ''माँ-बाप का कर्जा तो जन्म भर भरा जाता है'' कहानी में यह उक्ति है :

(A) निर्मला की

(B) वाचक की

(C) बहादुर की

(D) किशोर की

(ii) लेखिका गिल्लू को अपने कमरे में क्यों लाई?

(A) अन्य पशु-पक्षियों से मिलाने के लिए

(B) उसका जीवन बचाने के लिए

(C) अपने घर के लोगों को दिखाने के लिए

(D) उसे पालतू बनाने के लिए



FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com

(iii) गिल्लू रेखाचित्र में कौन-सा गुण नहीं है?

(A) सहजता

(B) सरसता

(C) दृश्यात्मकता

(D) जटिलता

(iv) 'राबर्ट नर्सिंग होम में' पाठ में 'काम यों कि मशीन माने न माने' का आशय है :

(A) सभी उपकरण चलाने का कौशल।

(B) शीघ्रता से काम कर लेना।

(C) मशीनों को बुरा मानना।

(D) मशीनों से भी तेज काम करना।

(v) 'मदर टेरेसा' के जीवन का उद्देश्य था :

(A) ईसाई धर्म का प्रचार करना।

(B) महिलाओं को जागरूक बनाना।

(C) भारत की संस्कृति को समझना।

(D) रोगियों और जरूरतमंदों की सेवा करना।

(vi) 'अंधेर नगरी' पाठ में 'टके सेर भाजी, टके सेर खाजा' कथन में निहित व्यंग्यार्थ है :

(A) सभी चीजें बहुत सस्ती होना।

(B) एक टके की एक सेर भाजी मिलना।

(C) गुणों और मूल्यों की कदर न होना।

(D) सभी नागरिकों को समान महत्त्व देना।

FirstRanker.com
Firstranker's choice


7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 15-20 शब्दों में दीजिए : 1x7=7

(i) फीचर किसे कहते हैं? फीचर लिखने का क्या उद्देश्य होता है?

(ii) बचेंद्री पाल के व्यक्तित्व की दो विशेषताएँ लिखिए।

(iii) विज्ञापन के आवश्यक गुण क्या हैं?

(iv) असली पढ़ना किसे कहते हैं?

(v) कविता पढ़ने में किस बात का ध्यान रखना चाहिए?

(vi) सुखी राजकुमार के सानिध्य में गौरैया क्या सीखती है?

(vii) अधिक मात्रा में पानी पीना क्यों आवश्यक होता है?

8. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1+2+2=5

अरे, वह सब झूठ है। मैं तो पहले ही जानती थी कि वे लोग बच्चों को कुछ देना नहीं चाहते, इसलिए गलती और लाज छिपाने के लिए यह प्रपंच रच रहे हैं। उन लोगों को क्या मैं जानती नहीं? कभी उनके रुपये रास्ते में गुम हो जाते हैं कभी वे गलती से घर ही पर छोड़ आते हैं। मेरे कलेजे में तो जैसे कुछ हौंड़ रहा है। किशोर को भी बड़ा अफसोस है। उसने सारा शहर छान मारा, पर बहादुर नहीं मिला। किशोर आकर कहने लगा– अम्माँ, एक बार भी अगर बहादुर आ जाता तो मैं उसको पकड़ लेता और कभी जाने न देता। उससे माफी माँग लेता और कभी नहीं मारता। सच, अब ऐसा नौकर कभी नहीं मिलेगा। कितना आराम दे गया वह। अगर वह कुछ चुराकर ले गया होता, तो संतोष हो जाता .....

निर्मला आँखों पर आँचल रखकर रोने लगी। मुझे बड़ा क्रोध आया। मैं चिल्लाना चाहता था, पर भीतर ही भीतर मेरा कलेजा जैसे बैठ रहा हो। मैं वहीं चारपाई पर सिर झुकाकर बैठ गया। मुझे एक अजीब सी लघुता का अनुभव हो रहा था। यदि मैं न मारता तो शायद वह न जाता।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ii) गद्यांश का मूलभाव स्पष्ट रूप से लिखिए।

(iii) सबसे अधिक दुख किसके मन में था और क्यों?

**अथवा**



FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

धीरे-धीरे वह घर के सारे काम करने लगा। सवेरे ही उठकर वह बाहर नीम के पेड़ से दातून तोड़ लाता था। वह हाथ का सहारा लिए बिना कुछ दूर तक तने पर दौड़ते हुए चढ़ जाता। मिनटभर में वह पेड़ की फुलई पर नज़र आता। निर्मला छाती पीटकर कहती थी-अरे, रीछ-बंदर की जात, कहीं गिर गया तो बड़ा बुरा होगा। वह घर की सफाई करता, कमरों में पोंछा लगाता, अँगीठी जलाता, चाय बनाता और पिलाता। दोपहर में कपड़े धोता और बर्तन मलता। वह रसोई बनवाने की भी जिद करता पर निर्मला स्वयं सब्जी और रोटी बनाती। निर्मला को उसकी बहुत फिक्र रहती थी। उसकी उन दिनों तबीयत ठीक नहीं रहती थी, इसलिए वह कुछ दवा ले रही थी। बहादुर उसको कोई काम करते देखकर कहता था-माताजी, मेहनत न करो, तकलीफ बढ़ जाएगा। वह, कोई भी काम करता होता, समय होने पर हाथ धोकर भालू की तरह दौड़ता हुआ कमरे में जाता और दवाई का डिब्बा निर्मला के सामने लाकर रख देता।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ii) गद्यांश का मूलभाव स्पष्ट करके लिखिए।

(iii) बहादुर कौन था? उसकी दो विशेषताएँ लिखिए।

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं चार** के उत्तर लगभग 20-20 शब्दों में लिखिए : 2x4=8

(क) निबंध क्या है और वे कितने प्रकार के होते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(ख) औपचारिक पत्र किसे कहते हैं?

(ग) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी का उद्देश्य लिखिए।

(घ) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ में मरे हुए बच्चे को गोद में दबाए रखने वाली बंदरिया का उदाहरण क्यों दिया गया है? आप लेखक के विचार से कहाँ तक सहमत हैं और क्यों?

(ङ) 'अंधेर नगरी' पाठ की संवाद योजना की तीन विशेषताएँ लिखिए।

www.FirstRanker.com

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए : 3x3=9

(क) 'अंधेर नगरी' में महंत गोबरधन दास के चरित्र की तीन विशेषताएँ लिखिए।

(ख) केनेडी अन्तरिक्ष केंद्र से निकली, 16 दिन के अभियान में, कल्पना चावला ने क्या-क्या मुख्य प्रयोग किए?

(ग) अखबार के विभिन्न अंगों के नामों का उल्लेख कीजिए।

(घ) 'कैप्शन' का संबंध किससे है? पाठक के मन पर कैप्शन का क्या प्रभाव पड़ता है?



FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

11. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1x5=5

ज्यों निकलकर बादलों की गोद से,
थी अभी एक बूँद कुछ आगे बढ़ी।
सोचने फिर-फिर यही जी में लगी,
आह क्यों घर छोड़कर मैं यों कढ़ी।

दैव मेरे भाग्य में है क्या बदा,
मैं बचूँगी या मिलूँगी धूल में
गिर पड़ूँगी चू अँगारे पर किसी,
या गिरूँगी मैं कमल के फूल में।

बह गई उस काल कुछ ऐसी हवा,
वह समंदर ओर आई अनमनी।
एक सुंदर सीप का मुँह था खुला,
वह उसी में जा गिरी मोती बनी।

**प्रश्न :**

(i) कवि ने कविता में किसके बारे में वर्णन किया है ?

(ii) बूँद के मन में क्या पछतावा था ?

(iii) अँगारे पर गिरने से उसकी क्या दशा होती ?

(iv) अनेक आशंकाओं के बीच उसकी क्या स्थिति हुई ?

(v) 'समंदर' और 'मोती' शब्द के तत्सम रूप लिखिए।



FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

12. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1x5=5

रामकृष्ण परमहंस कुछ समय के लिए जीना चाहते थे। केवल ठीक आदमी को संदेश दे देने भर के लिए। उन्होंने अनुभव किया कि यदि कोई इच्छा बाकी न रही और कोई गति भी नहीं तो शरीर एकदम गिर जाएगा। इसलिए उन्होंने एक इच्छा को पैदा किया। उन्होंने लगातार प्रयत्न किया कि कम से कम एक इच्छा तो बाकी रहे जब तक कि वे संदेश ठीक व्यक्ति को नहीं दे देते। यह बुद्ध के लिए घटित नहीं हुआ, यह महावीर के लिए भी नहीं हुआ। फिर यह रामकृष्ण को ही क्यों हुआ ? बुद्ध के समय में व्यक्तियों को खोजना कोई मुश्किल काम नहीं था। इतने लोग उपलब्ध थे कि किसी क्षण किसी को भी संदेश दिया जा सकता था, परन्तु रामकृष्ण के लिए वह बहुत ही असंभव बात थी कि व्यक्ति को खोजा जा सके। इसलिए रामकृष्ण अकेले आदमी हैं मनुष्य-जाति के पूरे इतिहास में, जिन्होंने कि जबरन जीने की कोशिश की ताकि ठीक व्यक्ति को पा सकें। और जब विवेकानन्द उनके पास पहली बार आए तो उन्होंने कहा 'कहाँ थे तुम ? मैं कब से तुम्हारी राह देख रहा हूँ, मैं कब से तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहा हूँ।' और जब विवेकानन्द को समाधि की पहली झलक मिली, तो रामकृष्ण ने उन्हें रोक दिया। रामकृष्ण ने कहा कि 'अब और नहीं', क्योंकि फिर तुम्हें भी वही मुसीबत होगी जो मुझे हुई। इसलिए यहीं तक रहो। इससे आगे मत जाओ।

**प्रश्न :**

(i) रामकृष्ण कैसी इच्छा जागृत करने का प्रयत्न कर रहे थे ? क्यों ?

(ii) रामकृष्ण के लिए असंभव बात क्या थी ?

(iii) रामकृष्ण ने जबरन जीने की कोशिश क्यों की ?

(iv) रामकृष्ण विवेकानंद की प्रतीक्षा क्यों कर रहे थे ?

(v) रामकृष्ण ने विवेकानंद को कब रोका ?



FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com

**13.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : **1x10=10**

(i) संधि-विच्छेद कीजिए - मरणासन्न, सदुपयोग

(ii) विग्रह पूर्वक समास का नाम लिखिए - सुख-दुख, चारपाई

(iii) 'उप' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए

(iv) विपरीतार्थक शब्द लिखिए : कठोर, उपेक्षा

(v) दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : समुद्र या नदी

(vi) शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए : जिस मिट्टी में प्रचुर मात्रा में पैदावार होती हो

(vii) किसी एक मुहावरे का वाक्य प्रयोग कीजिए - आँखें गड़ाना, दाल न गलना

(viii) सरल वाक्य में बदलिए - जब मैं स्टेशन पहुँचा, गाड़ी छूट चुकी थी।

(ix) यथास्थान विरामचिन्ह लगाइए - नेताजी ने कहा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा।

(x) वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए - कृपया आप पधारने की कृपा करें।

**14.** निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग एक तिहाई शब्दों में लिखिए : **5**

कानपुर में भीषण हत्याकांड करने के बाद अँगरेजों का सैनिक दल बिठूर की ओर गया। बिठूर में नाना साहब का राजमहल लूट लिया गया, पर उसमें बहुत थोड़ी सम्पत्ति अँगरेजों के हाथ लगी। इसके बाद अँगरेजों ने तोप के गोलों से नाना साहब का महल भस्म कर देने का निश्चय किया। सैनिक दल ने जब वहाँ तोपें लगाईं, उस समय महल के बरामदे में एक अत्यन्त सुंदर बालिका आकर खड़ी हो गई। उसे देखकर अँगरेज सेनापति को बड़ा आश्चर्य हुआ, क्योंकि महल लूटने के समय वह बालिका वहाँ कहीं दिखाई न दी थी।

उस बालिका ने बरामदे में खड़ी होकर अँगरेज सेनापति को गोले बरसाने से मना किया। उसका करुणापूर्ण मुख और अल्पवयस देखकर सेनापति को भी उस पर कुछ दया आई। सेनापति ने उससे पूछा कि 'क्या चाहती है?' बालिका ने शुद्ध अँगरेजी भाषा में उत्तर दिया, "क्या आप कृपा कर इस महल की रक्षा करेंगे"?

सेनापति - "क्यों तुम्हारा इसमें क्या उद्देश्य है"?

बालिका - "आप ही बताइए कि यह मकान गिराने में आपका क्या उद्देश्य है? आपके विरुद्ध जिन्होंने शस्त्र उठाये थे वे दोषी हैं, पर इस जड़ पदार्थ मकान ने आपका क्या अपराध किया है? मेरा उद्देश्य इतना ही है कि यह स्थान मुझे बहुत प्रिय है, इसी से मैं प्रार्थना करती हूँ कि इस मकान की रक्षा कीजिए"।



FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com

FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com www.FirstRanker.com

15. अपने छोटे भाई को पत्र लिखकर उसे पढ़ाई की ओर ध्यान देने के लिए प्रेरित कीजिए। 5

**अथवा**

अपने खोए हुए स्कूटर का विवरण देते हुए थाना प्रभारी को एक पत्र लिखकर पता लगाने का निवेदन कीजिए।

16. निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : 10

(क) किसी पर्वतीय स्थल की यात्रा

(ख) कंप्यूटर से लाभ – हानि

(ग) पढ़ी, लिखी लड़की घर की रोशनी

(घ) बढ़ते भ्रष्टाचार को रोकने के उपाय

- o O o -

firstranker.com
www.FirstRanker.com



FirstRanker.com
Firstranker's choice
www.FirstRanker.com